हिंदी पखवाड़ा https://youtu.be/wt94A9BJLUE

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार 'बाल विकास स्कूल 'पानीपत में दिनांक 14.09.24 से 30.09.24 तक • हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। हिंदी पखवाड़े के दौरान अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई। कक्षा 1 से 10 तक के सभी छात्रों ने उत्साह से इनमें भाग लिया। पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों ने सुलेख लिखी तथा कविताओं का उच्चारण किया। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा 'हिंदी दिवस' से संबंधित प्रार्थना सभा बाल विकास के प्रांगण में प्रस्तुत की गई जिसका प्रस्तुतीकरण निस्संदेह श्लाघनीय था। चौथी कक्षा के छात्रों ने सामूहिक गीत गाकर मन मुग्ध किया। पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने तन्मयता से भजन और कबीरदास जी के दोहे गाए ।

कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों ने 'हिंदी पठन चुनौती' के दूसरे चरण में भाग लिया। 30 सितंबर को कवि श्री रामधारी सिंह 'दिनकर' जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उनको नमन करते हुए कक्षा नौवीं के छात्रों ने उनके द्वारा रचित 'गीत-अगीत' कविता तथा कक्षा आठवीं के छात्रों ने भगवान के डाकिए' कविता लिखी और अपने भावों को प्रस्तुत किया । कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने 'दिनकर' जी की रचनाओं से संबंधित कार्य किया ।

इन कार्यक्रमों ने छात्रों में आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया। सभी ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इसप्रकार'हिंदी पखवाड़ा' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। अंत में हम इस आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

सधन्यवाद

हिंदी विभाग

https://youtu.be/wt94A9BJLUE